कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273
Accredited by NAAC with Grade "B"

दिनांक 07.12.2022

बैंकिंग सुविधा से संबंधित अतिथि व्याख्यान

आज दिनांक 07.12.2022 को शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के मार्गदर्शन एवं IQAC प्रभारी श्री विनय चौरे के दिशानिर्देशन में अर्थशास्त्र विभाग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा ''बैंकिंग प्रणाली'' विषय पर अतिथि व्याख्यान महाविद्यालय के सभाकक्ष में रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र की पुजन अर्चन कर हुआ।

संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एच.एस. भाटिया ने अपने अभिकथन में कहा कि वर्तमान परिदृश्य में बैंकिंग प्रणालियों को हम सभी को समझना होगा। जिससे हमें अपनी आर्थिक गतिविधियों को संचालित करने में सुविधा मिल सके। बैंक हमारे आर्थिक गतिविधि के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

उद्बोधन की अगली कड़ी में बैंक ऑफ बड़ोदा (कियोस्क सेंटर) के प्रभारी श्री मोक्षानंद साहू ने कहा कि बैंक, बैंकिंग सुविधाओं के अतिरिक्त, शिक्षा लोन, बीमा की सुविधा प्रदान करता है। साथ ही साथ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना (APY) के बारे में अवगत करा कर प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति बीमा योजना का बीमा स्वयं का एवं अपने पालको का कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन श्री उष्यंत कुमार चनाप (सहायक प्राध्यापक) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुश्री दीपिका ध्रुवे, सुश्री प्रीतिबाला ठाकुर, अतिथि व्याख्याता श्री गौरव तिवारी, श्री गन्नूराम साहू, श्री गेंदलाल सोनकर, श्री ओमप्रकाश सहारे, सुश्री इंदिरा इंदु एवं समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

प्राचार्य